झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

14 Oct 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 14 अक्टूबर का इतिहास

- **1956 :** डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने 3,85,000 अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म स्वीकार किया और अपने समर्थकों को 22 बौद्ध प्रतिज्ञाओं का अनुसरण करने की सलाह दी।
- **1997 :** ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फिलिप ने अमृतसर के जलियांवाला बाग में शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित की।
- **1953 :** भारत संपदा शुल्क अधिनियम प्रभाव में आया।

## 14 अक्टूबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 21 अक्टूबर को गगनयान मिशन की पहली परीक्षण उड़ान आयोजित करेगा। यह परीक्षण वाहन विकास उड़ान आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षण में मॉड्यूल को बाहरी अंतरिक्ष में लॉन्च करना, इसे पृथ्वी पर वापस लाना और बंगाल की खाड़ी में उतारने के बाद इसे पुनप्राप्त करना शामिल हैं। टीवी डी1 क्रू मॉड्यूल के साथ क्रू एस्केप प्रणाली का भी परीक्षण किया जाएगा।
- ईरान के मोहम्मदरेजा शादलुई चियानेह नीलामी में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने और उन्हे पुनेरी पल्टन ने 2.35 करोड़ रूपये में खरीदा। शादलुई के हिमवतन फजल अत्राचली दूसरे सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने और उन्हे गुजरात जायंट्स ने 1.60 करोड़ रूपये में खरीदा। मनिंदर सिंह बंगाल वॉरियर्स के साथ बने हुए हैं, क्योंकि उन्होंने अपने कप्तान को 2.12 करोड़ रूपये में वापस पाने के लिए अपने अंतिम बोली मैच कार्ड का इस्तेमाल किया।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने चालू वित वर्ष के लिए भारत के विकास दर के अनुमान को 0.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया हैं। अंतर्राष्ट्रीय वितीय एजेंसी ने जुलाई में 2023-2024 के लिए 6.1 प्रतिशत विकास दर रहने का अनुमान लगाया था। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने विकास दर का जो नया अनुमान लगाया है, वह आरबीआई द्वारा चालू वित वर्ष के अनुमान 6.5 प्रतिशत से कम हैं। भारत की विकास दर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन से अधिक रहने का अनुमान हैं।
- भारतीय नौसेना ने पदोन्नति के लिए अधिकारियों की उपयुक्कता का मूल्यांकन करने के लिए 360 डिग्री मूल्यांकन प्रणाली को लागू कर दिया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह एक परिवर्तनकारी पहल हैं। इसका मकसद नौसेना अधिकारियों की नेतृत्व क्षमता व समझ को निखारते हुए पेशेवर और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना हैं। इस तरह की मूल्यांकन प्रणाली विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में प्रचलन में है। यह पहल युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए एक अभेद्य बल बने रहने की दिशा में अन्य प्रयासों की निरंतरता में हैं।
- तंजानिया के राष्ट्रपति सामिया सुलुह हसन आठ साल के अंतराल के बाद भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। इस यात्रा का उद्देश्य अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक ले जाना और व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाना है। तंजानिया के विदेश मंत्री जनवरी यूसुफ मकाम्बा ने सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों को कवर करने वाले 15 समझौतों पर हस्ताक्षर करने की उम्मीद की। द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने की उम्मीदों के साथ तंजानिया इस यात्रा को महत्वपूर्ण मानता है।
- कोयला मंत्रालय के तहत एक नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने हाल ही में 810 मेगावाट सौर फोटोवोल्टिक बिजली परियोजना हासिल करके नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह परियोजना राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई है और स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा समाधानों के लिए एनएलसी इंडिया लिमिटेड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इस उपलब्धि की दिशा में यात्रा शुरू हुई जब आरआरवीयमएनएल ने 21 दिसंबर, 2022 को 810 मेगावाट सौर फोटोवोल्टिक बिजली परियोजना के लिए टेंडर जारी किया।
- भारत के शहरी क्षेत्रो में बेरोजगारी दर में कमी आई है। नेशनल सैंपल सर्वे ब्यूरो के लेटेस्ट आकड़ों के मुताबिक शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष ओर उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर अप्रैल-जून 2023 के दौरान घटकर 6.6 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 7.6 प्रतिशत थी। देश में पिछले साल अप्रैल-जून की अवधि के दौरान बेरोजगारी अधिक थी, जिसका मुख्य कारण देश में कोविड के चलते लगे प्रतिबंध हो सकते हैं।
- फिलिस्तीन के हमास समूह ने उन बंधकों को मारने की धमकी दी है। इजरायल ने गाजा पट्टी पर पूरी तरह से घेराबंदी कर दी है और पानी की आपूर्ति बंद कर दी हैं।
- केन्या के केल्विन कप्टिम ने शिकागो मैराथन में महत दो घंटे 35 सेकेंड का समय निकालकर पुरूषों का विश्व रिकॅार्ड तोड़ा। उन्होंने 2022 बर्लिन मैराथन में एलियुड किपचोगे द्वारा स्थापित पिछले रिकॅार्ड को तोड़ दिया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व मानक दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 12 अक्टूबर (B) 14 अक्टूबर
(C) 16 अक्टूबर (D) 18 अक्टूबर

**(B)** विश्व मानक दिवस हर साल 14 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य उपभोक्ताओं, नियामकों और उद्योग के बीच वैश्विक अर्थव्यवस्था में मानकीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। दुनिया भर में सरकारी निकायों सहित विभिन्न संगठन इस दिन को मनाने के लिए कई तरह के आयोजनों की योजना बनाते है।




**2. हाल ही में देश का सबसे पुराना थिंक टैंक यूएसआई पहले इंडियन मिलिटरी हेरिटेज फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा ?**

(A) 21 और 22 अक्टूबर (B) 22 और 23 अक्टूबर
(C) 23 और 24 अक्टूबर (D) 24 और 25 अक्टूबर

**(A)** देश का सबसे पुराना थिंक टैंक यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया 21 और 22 अक्टूबर को होने वाले पहले इंडियन मिलिटरी हेरिटेज फेस्टिवल की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रमों के माध्यम से भारत के समृद्ध सैन्य इतिहास, समकालीन सुरक्षा चिंताओं और सैन्य क्षमताओं में आत्मनिर्भरता की खोज पर प्रकाश डालकर राष्ट्रीय प्रवचन और सांस्कृतिक कैलेंडर में एक रिक्त स्थान को भरना है।




**3. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन गगनयान मिशन की पहली परीक्षण उड़ान कब आयोजित करेगा ?**

(A) 15 अक्टूबर (B) 18 अक्टूबर
(C) 21 अक्टूबर (D) 30 अक्टूबर

**(C)** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 21 अक्टूबर को गगनयान मिशन की पहली परीक्षण उड़ान आयोजित करेगा। यह परीक्षण वाहन विकास उड़ान आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में आयोजित की जाएगी। टीवी डी1 क्रू मॉड्यूल के साथ क्रू एस्केप प्रणाली का भी परीक्षण किया जाएगा। जिससे अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यान को किसी समस्या का सामना करने पर चालक दल को पृथ्वी पर वापस लाया जा सके।



**4. हाल ही में सरकार ने अनुसूचित जाति के छात्रों की आवासीय शिक्षा के लिए कौनसी योजना शुरू की है ?**

(A) स्वावलंब योजना (B) श्रेष्ठ योजना
(C) संकल्प योजना (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने श्रेष्ठ योजना की शुरूआत की हैं। यह एक आवासीय शिक्षा योजना है, जिसका मकसद संविधान के मुताबिक अनुसूचित जाति के सबसे गरीब छात्रों के लिए गुणवतापूर्ण शिक्षा और अवसर प्रदान करना हैं। श्रेष्ठ योजना की परिकल्पना समुदाय के उन मेधावी गरीब छात्रों के लिए की गी है, जिनके माता-पिता की वार्षिक आय 2.5 लाख रूपये तक हो।



**5. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेटर को ड्रेसिंग रूम में बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया ?**

(A) विराट कोहली (B) रोहित शर्मा
(C) शिखर धवन (D) हार्दिक पांड्या

**(A)** विराट कोहली ओर केएल राहुल की पारी ने अपने पहले मैच में भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुश्किल स्थिति से वर्ल्ड कप 2023 में जीत दिलाई। मैच के बाद भारतीय टीम के ड्रेसिंग रूप में खास अवॉर्ड दिया गया। ईशान और अय्यर को पछाड़कर विजेता बनने के बाद विराट ने जमकर जश्न मनाया।



**6. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने रोजगार प्रयाग पोर्टल लॉन्च किया है ?**

(A) हरियाणा (B) उत्तराखंड

(C) मध्यप्रदेश (D) केरल

**(B)** हाल ही में उत्तराखंड राज्य के मुख्यमंत्री ने रोजगार प्रयोग पोर्टल लॉन्च किया हैं। साथ ही सेवायोजन कार्यालयों में स्वरोजगार केंद्रों का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रोजगार मेलों के माध्यम से चयनित 17 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए। साथ ही विभिन्न विभागों की और से लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।



**7. हाल ही में गंगा डॉल्फिन को किस राज्य का राज्य जलीय पशु घोषित किया गया है?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्यप्रदेश

(C) कर्नाटक (D) पश्चिम बंगाल

**(A)** हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने गंगा डाल्फिन को राज्य जलीय जीव घोषित किया हैं। प्रदेश की नदियों एवं तालाबों में डॉल्फिन की संख्या लगभग 2000 आंकी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों दोनों के लिए प्लास्टिक का प्रयोग करने से बचना जरूरी माना, क्योंकि यह नदियों के लिए घातक है।



**8. हाल ही में बीएचईएल के निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ?**

(A) नितिन मिश्रा (B) अतुल करवाल

(C) बानी वर्मा (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (BHEL) के बोर्ड में बानी वर्मा ने निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया हैं। इससे पहले वे बीएचईएल के ट्रांसपोर्टेशन बिजनेस सेगमेंट के साथ-साथ बेंगलुरू स्थित कंपनी के इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन विनिर्माण इकाई का नेतृत्व कर रही थी।



**9. हाल ही में कौनसा देश इजराइल में अपने घातक लड़ाकू विमान तैनात करेगा ?**

(A) चीन (B) अमेरिका

(C) रूस (D) भारत

**(B)** हाल ही में अमेरिका देश इजराइल में अपने घातक लड़ाकू विमान तैनात करेगा। इजराइल में हमास के आतंकियों की तरफ से शुरू हुई जंग अब विनाशकारी होती नजर आ रही हैं। इजराइल ने अपने नागरिकों को तुरंत मिश्र छोड़ने का आदेश दिया हैं। इजराइली सेना चुन-चुन कर हमास आतंकियों को मार रही हैं। अमेरिकी सेना समर्थन दिखाने के लिए अमेरिकी नौसेना के जहाजों और अमेरिकी सैन्य विमानों को इजराइल के करीब ले जाने की योजना बना रही है।



**10. हाल ही में किसने जलवायु परिवर्तन पर 2023 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की है?**

(A) UAE (B) फ्रांस

(C) रूस (D) अफगानिस्तान

**(A)** हाल ही में यूएई अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी द्वारा आयोजित जलवायु परिवर्तन और परमाणु ऊर्जा पर 2023 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। सम्मेलन का उद्देश्य सदस्य राज्यों, निम्न कार्बन ऊर्जा क्षेत्रों के प्रतिनिधियों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और अन्य प्रासंगिक निकायों को कार्बन उत्सर्जन को सीमित करने के लक्ष्यों के अनुरूप, कार्बन उत्सर्जन को खत्म करने की राह में परमाणु ऊर्जा की भूमिका पर जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

